# यूपीईएस के छात्रों को अमेरिका की यूनिवर्सिटी देगी शिक्षा के अवसर

यूपीईएस और मेडिकल यूनिवर्सिटी आफ द अमेरिका विवि के बीच समझौता ज्ञापन पर किए गए हस्ताक्षर

जागरण संवाददाता, देहरादून : यूपीईएस यूनिवर्सिटी के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेज एंड टेक्नोलाजी के छात्र-छात्राओं को मेडिकल यूनिवर्सिटी आफ द अमेरिका मेडिकल शिक्षा के नए अवसर खोलेगी। दोनों विवि के बीच गुरुवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

एमओयू के तहत यूपीईएस अब एक त्वरित मेडिकल शिक्षा कार्यक्रम प्रदान करेगा, जिसमें छात्रों को पांच वर्षीय बीएससी एमडी ग्रेजुएट प्रोग्राम में प्रवेश दिया जाएगा। आवेदन फरवरी 2025 से शुरू होंगे और पहला बैच अगस्त 2025 से शुरू होगा। इस कार्यक्रम में पहला वर्ष यूपीईएस में होगा, इसके बाद दो वर्ष सेंट किट्स नेविस आइलैंड कैंपस में प्री-क्लिनिकल शिक्षा और अंतिम दो वर्ष अमेरिका के संबद्ध अस्पतालों में क्लीनिकल रोटेशन के रूप में पूरे होंगे। पहले वर्ष में छात्र यूपीईएस के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी में प्री-मेडिकल सर्टिफिकेट प्रोग्राम में दाखिला लेंगे। इस वर्ष छात्र 47 क्रेडिट अर्जित करेंगे। जिन्हें एमयूए में स्थानांतरित किया जा सकता है। अगले दो वर्षों में मेडिकल स्कूल शिक्षा की नींव रखी जाएगी। एमयूए के नेविस आइलैंड अकादमिक कैंपस में पांच सेमेस्टर में बेसिक साइंसेज की पढ़ाई करवाई जाएगी। इसके बाद छात्र अमेरिका जाएंगे। जहां वे संबद्ध शिक्षण अस्पतालों क्लीनिकों और मेडिकल सेंटरों में पांच सेमेस्टर की क्लीनिकल रोटेशन पूरी करेंगे।